Notice is hereby given that the **32nd Annual General Meeting ("32nd AGM")** of **Rajasthan Gases Limited** ("the Company") will be held on **Friday, 26th September, 2025 at 1.00 P.M.** through Video Conferencing ("VC") / Other Audio Visual Means ("OAVM"), to transact the businesses as set out in the Notice dated **14th August, 2025** convening the 32nd AGM in compliance with General Circular Nos. 14/2020, 17/2020, 20/2020, 02/2021, 19/2021, 21/2021, 02/2022, 11/2022, 09/2023 and 09/2024 dated 8th April 2020, 13th April 2020, 5th May 2020, 13th January 2021, 8th December 2021, 14th December 2021, 5th May, 2022, 28th December, 2022, 25th September, 2023 and 19th September, 2024, respectively issued by the Ministry of Corporate Affairs ('MCA') (collectively referred to as 'MCA Circulars') and Circular Nos. SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79, SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2021/11, SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2022/62, SEBI/HO/CFD/PoD-2/P/CIR/2023/4, SEBI/HO/CFD/CFDPoD- 2/P/CIR/2023/167 and SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2024/133 dated 12th May, 2020, 15th January, 2021, 13th May, 2022, 5th January, 2023, 7th October, 2023 and 3rd October, 2024 respectively issued by the Securities and Exchange Board of India (collectively referred to as 'SEBI Circulars').

In compliance with Section 101 of the Companies Act, 2013, read with Rule 18 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("Listing Regulations"), and the MCA Circulars, Notice of the 32nd AGM and the Annual Report for the Financial Year 2024-25 are being sent in electronic mode to Shareholders whose e-mail addresses are registered with Niche Technologies Private Limited (RTA) / Depository Participant(s) as on 8th August, 2025.

Shareholders who have not registered their e-mail address and in consequence to whom the Notice of 32nd AGM and Annual Report could not be serviced, may provide their email address and mobile number at the e-mail ID of the Company info@rajasthangasesltd.com and may request a soft copy of the same.

The Notice convening the 32nd AGM and the Annual Report for the FY 2024-25 are available on the website of the Company at www.rajasthangasesltd.com. The said documents are also available on the website of BSE Limited (www.bseindia.com). These documents will also be available for inspection at the Registered Office of the Company during business hours.

**Book Closure**

Pursuant to Section 91 of the Companies Act, 2013, read with Rule 10 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 and Regulation 42 of the Listing Regulations, the Register of Members and Share Transfer Books of the Company will remain closed from **Saturday 20th September, 2025 to Friday 26th September, 2025 (both days inclusive)** for the purpose of the forthcoming 32nd AGM.

**E-Voting**

Pursuant to the provisions of Section 108 of the Companies Act, 2013, read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Amendment Rules, 2015 and Regulation 44 of the Listing Regulations, the Members have been provided the facility of remote e-voting to enable them to cast their vote by electronic means on all the resolutions as set out in the Notice of the 32nd AGM.

- The Company has fixed **Friday, 19th September, 2025** as the "cut-off date" to determine the eligibility of Members to vote by electronic means.
- A person whose name is recorded in the Register of Members of the Company or in the Statement of Beneficial Owners maintained by the Depositories as on the cut-off date, i.e., **19th September, 2025,** shall be entitled to avail the facility of remote e-voting.

Particulars pursuant to the provisions of the Companies Act, 2013 and the Rules made thereunder:

i) Date of dispatch of Notice: Thursday, 4th September, 2025
ii) Commencement of remote e-voting: Tuesday, 23rd September, 2025 (9:00 A.M.)
iii) End of remote e-voting: Thursday, 25th September, 2025 (5:00 P.M.)

**Important Instructions for Members**

a) The remote e-voting facility shall be disabled by CDSL beyond 5:00 P.M. on 25th September, 2025, and once a vote is cast, it cannot be changed.
b) The Company will also provide e-voting during the 32nd AGM for Members who attend via VC/OAVM and have not already voted.
c) Members who have exercised their right to vote through remote e-voting may still participate in the AGM but shall not be entitled to vote again.
d) The detailed instructions for e-voting and joining of AGM are provided in Note No. 23 of the Notice convening the 32nd AGM.
e) Members will be provided with a facility to attend the 32nd AGM only through VC/OAVM via CDSL e-Voting system.
f) Attendance through VC/OAVM shall be counted for quorum under Section 103 of the Companies Act, 2013.
g) In case of any queries or grievances relating to e-voting, attending AGM from CDSL e-voting system, you can write an email to helpdesk.evoting@cdslindia.com or contact at toll free number at 1800 21 09911 and can contact company at info@rajasthangasesltd.com.

**By Order of the Board of Directors**
**For Rajasthan Gases Limited**
**Sd/-**
**Nikhilesh N. Khandelwal**
**Managing Director**
**(DIN: 06945684)**

**Place: Nagpur**
**Date: 4th September, 2025**

# मोहाली निगम ने 17 करोड़ के कार्यों को दी मंज़ूरी, 5 करोड़ के नए काम भी होंगे शुरू

मोहाली, 3 सितंबर (निस)

**वित्त एवं ठेका समिति की बैठक में पार्कों की देखरेख, नई सीवरेज व ड्रेनेज लाइनों की मरम्मत पर बड़े फ़ैसले**

मोहाली नगर निगम की वित्त एवं ठेका समिति की एक अहम बैठक आज यहां आयोजित की गई, जिसमें कुल 17 करोड़ रुपये के कार्य आदेश पारित किए गए। इस बैठक में शहर की बुनियादी ज़रूरतों और विकास कार्यों को ध्यान में रखते हुए कई बड़े फ़ैसले लिए गए। बैठक की अध्यक्षता नगर निगम मोहाली के मेयर अमरजीत सिंह जीती सिद्धू ने की। बैठक में वरिष्ठ डिप्टी मेयर अमरीक सिंह सोमल, पार्षद एवं समिति सदस्य जसवीर सिंह मणकू, आयुक्त परमिंदर पाल सिंह सिद्धू सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में फ़ैसला किया गया कि मोहाली के सभी ज़ोन में स्थित जनरल पार्कों और विशेष पार्कों की देखरेख के लिए अलग-अलग कार्य आदेश जारी किए जाएंगे। हर ज़ोन में निर्धारित बजट के तहत पार्कों का रखरखाव सुनिश्चित किया जाएगा ताकि शहर की सुंदरता और मज़बूत हो सके।

बैठक के बाद मेयर अमरजीत सिंह जीती सिद्धू ने कहा कि ये सभी प्रोजेक्ट शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होंगे। मोहाली नगर निगम लोगों की राय और सुझावों के आधार पर ही ज़रूरी कामों पर ज़्यादा ज़ोर दे रहा है। अधिकारियों को साफ़ निर्देश दिए गए हैं कि चल रहे कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी तरह का समझौता नहीं होना चाहिए।



मोहाली नगर निगम में बुधवार को वित्त एवं ठेका कमेटी की मीटिंग की अध्यक्षता करते मेयर अमरजीत सिंह जीती सिद्धू।

### ब्रिक डार्ट सीवरेज व स्टॉर्म वॉटर के लिए 4 करोड़

शहर की सीवरेज और जल निकासी व्यवस्था को मज़बूत करने के लिए ब्रिक डार्ट लाइनों से संबंधित विभिन्न कार्यों को मंज़ूरी दी गई है। इन पर लगभग 4 करोड़ रुपये खर्च होंगे। बैठक में आगे के नए कामों के लिए 5 करोड़ रुपये का अतिरिक्त अनुमान भी तैयार किया गया। इस राशि का उपयोग शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर को और बेहतर बनाने में किया जाएगा।

# चंडीगढ़ में सात तक स्कूल बंद, कई जगह गिरे पेड़

## पंचकूला के शिक्षण संस्थानों व खेल स्टेडियम में आज अवकाश

मनीमाजरा (चंडीगढ़), 3 सितंबर (हप्र)

चंडीगढ़ में हो रही भारी बारिश के बाद शिक्षा विभाग ने स्कूलों की छुट्टियां बढ़ा दी हैं। शहर में अब स्कूल और कालेज 7 सितंबर तक बंद रहेगें। शिक्षा विभाग ने बारिश के कारण छुट्टियां बढ़ाने का फैसला लिया गया है। शिक्षा निदेशक एचपीएस बराड़ ने बताया कि बच्चों की सुरक्षा के लिए स्कूल बंद रखने का निर्णय किया गया है। इसी प्रकार कालेज भी 7 सितंबर तक बंद रहेगे। उधर बारिश के कारण बुधवार को शहर में कई जगह पेड़ गिर गए। सेक्टर 22/23 लाइट पॉइंट पर सीटीयू की बस पर पेड़ गिर गया। इसके अलावा सेक्टर 19 गुरुद्वारे के पास भी पेड़ गिरा है। बरसात के बाद सुखना लेक के फ्लड गेट खोले गए जिसके कारण शास्त्री नगर का पुल पूरी तरह पानी में डूब गया। इस पुल का इस्तेमाल कर लोग मनीमाजरा, पंचकूला से बापूधाम सेक्टर 26 की तरफ आते जाते हैं। तेज हवाओं के कारण सुखना लेक पर बोटिंग को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था। वहीं पंचकूला उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि जिले में भारी वर्षा के चलते सभी सरकारी एवं निजी स्कूल, कॉलेज, आईटीआई, बहुतकनीकी संस्थान, खेल स्टेडियम व आंगनवाड़ी केंद्रों में 4 सितंबर को अवकाश रहेगा।



चंडीगढ़ की सुखना लेक से बुधवार को पानी छोड़ने के बाद बलटाना में कई जगह पानी भर गया। -रवि कुमार

### मोहाली में एक हफ़्ते में गिरे दर्जनभर पेड़, सड़कों पर जाम

**मोहाली (निस):** मोहाली में लगातार हो रही बारिश अब पेड़ों के लिए भी खतरा साबित हो रही है। पिछले एक हफ़्ते में लगभग दर्जनभर बड़े-बड़े पेड़ ज़मीन पर गिर चुके हैं। इनमें से केवल बीते दो दिनों में ही तीन विशाल पेड़ गिर गए, जिससे कई मुख्य सड़कों को घंटों तक बंद करना पड़ा। मंगलवार को फेज-3बी1 स्थित चावला चौक से सेक्टर-70 जाने वाली सड़क पर एक बड़ा पेड़ गिरा, जिसके कारण ट्रैफ़िक रोकना पड़ा। इसी तरह फेज-3बी2 क्षेत्र में क़टानी के पास भी एक भारी-भरकम पेड़ गिर पड़ा। वहीं, तीन-सात की लाइटों के पास एक और पेड़ अचानक गिर गया। गनीमत रही कि इन घटनाओं में किसी तरह की जनहानि या बड़ा हादसा नहीं हुआ। नगर निगम की टीम तुरंत सक्रिय हुई और जेसीबी व ट्री-प्रूनिंग मशीनों की मदद से गिर चुके पेड़ों को हटाने का काम किया गया। भारी बारिश से प्रभावित इलाकों के निवासियों के लिए गमाडा ने बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। यह नियंत्रण कक्ष चौबीसों घंटे कार्य करेगा और नागरिक अपनी **शिकायतें मोबाइल नंबर 6239885502** पर दर्ज करवा सकेंगे।

### पंचकूला की राजीव व इंदिरा कालोनी में घुसा पानी

**पंचकूला (हप्र) :** पंचकूला में बारिश ने स्लम बस्तियों से लेकर पॉश इलाकों में रहने वाले लोगों के आम जन जीवन को बुरी तरह से प्रभावित किया है। शहर की राजीव कालोनी एवं इंदिरा कालोनी के मध्य बहने वाले बरसाती नाले ने अपनी सीमाओं को तोड़कर दोनों कालोनियों के अनेक घरों में घुसकर उनके सामान का नुकसान किया है, वहीं सेक्टर 19 , 15 ,16 के कई घरों में पानी घुस गया। सेक्टर 5 में होटल कौव के साथ की पूरी पार्किंग तालाब की तरह नजर आई। शहर की बहुत सारे कार्यालय व अन्य बिल्डिंगज की बेसमेंट में भी बारिश का पानी घुसने से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। पंचकूला की कोई भी ऐसी सड़क, कालोनी या गांव नहीं बचा जहां जलभराव नहीं हुआ हो । जननायक जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष ओपी सिहाग ने कहा कि ज्यादा बारिश होने से सड़कों पर ज्यादा पानी आना स्वाभाविक है परंतु उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को भी निशाने पर लेते हुए कहा कि अगर समय रहते पूरे शहर की रोड गलीज अच्छी तरह साफ़ हो जाती तो इस समस्या से बचा जा सकता था। वहीं एसडीएम चंद्रकांत कटारिया ने बुधवार को ब्लॉक बरवाला व रायपुररानी में बारिश के पानी से नुकसान का निरीक्षण किया। गांव नटवाल में डांगरी नदी का पानी आने से 25 एकड़ खेती खराब हो गई। उधर मेयर ने सेक्टर-19 और राजीव-इंदिरा कॉलोनी में बुधवार को नाला ओवरफ्लो होने से लोगों को हुई परेशानी के बीच महापौर कुलभूषण गोयल ने निरीक्षण किया और समस्या के निदान के निर्देश दिए। सेक्टर-19 में कई जगह पानी भरा हुआ था। गोयल ने सेक्टर-19 में नए नाले को समय-समय पर साफ करने के लिए कहा।

**बच्चों से भरी कार पर गिरा पेड़ :** सेक्टर-4 में एक प्राइवेट स्कूल के बाहर स्कूली बच्चों से भरी कार पर अचानक भारी भरकम पेड़ गिर पड़ा। इस घटना में कार में सवार 6 बच्चे घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए नजदीकी प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा उस समय हुआ जब परिजन अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने आए थे। कार में कुल 6 बच्चे और अनूप अत्री सवार थे। सेक्टर-5 हैफेड के नजदीक सड़क पर गिरे पेड़ को थाना सेक्टर-5 की टीम ने हटवाकर रास्ता साफ करवाया।



### मोरनी धंसी सड़कें, मकानों में दरारें

**मोरनी (निस):** भारी बारिश से मोरनी क्षेत्र व आसपास के गांवों में हालात बिगड़ गए हैं। कई सड़कों के धंसने और मलबा गिरने से यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। धारला पंचायत के गढ़्यों गांव में दरार वाले मकानों में पानी भरने से खतरा बढ़ गया है। खरोग गांव में भी कई मकानों में दरारें गहरी हो रही हैं और लोग भयभीत हैं। दाबसू पंचायत के दुधला गांव में भी घरों पर मलबा गिरने से नुकसान की आशंका जताई गई है।

### कौशल्या डैम से छोड़ा जा रहा पानी

**पिंजौर (निस) :** पिंजौर क्षेत्र में मूसलाधार बारिश से जहां एक ओर आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया वहीं दूसरी ओर पहले से टूटी सड़कें अब बेहद जर्जर हालत में पहुंच चुकी हैं। उधर पहाड़ों में लगातार हो रही बारिश के कारण कौशल्या नदी भी पूरे उफान पर है। नदी में कौशल्या डैम का जलाश्य भी लबालब भर चुका है। लगातार तीसरे दिन भी डैम के फ्लड गेट खोलकर 1000 क्यूसिक पानी छोड़ा गया।

# छात्र परिषद चुनाव एमसीएम में अपराजिता अध्यक्ष निर्वाचित



मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय की नवनिर्वाचित छात्र परिषद टीम अध्यक्ष अपराजिता बाली के साथ। -हप्र

मनीमाजरा (चंडीगढ़), 3 सितंबर (हप्र)

मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय में बुधवार को छात्र परिषद चुनाव में कुल 759 विद्यार्थियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर नयी परिषद के गठन में योगदान दिया। बी.ए. तृतीय वर्ष की अपराजिता बाली अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुईं, जबकि बी.ए. तृतीय वर्ष की आरुषि बक्षी, बी.ए. द्वितीय वर्ष की ओजस्विता कौर और बी.ए. तृतीय वर्ष की अन्वी ठाकुर क्रमशः उपाध्यक्ष, सचिव और संयुक्त सचिव चुनी गईं। कार्यवाहक प्राचार्या नीना शर्मा ने कहा कि एमसीएम में छात्र परिषद चुनाव लोकतंत्र और नेतृत्व का उत्सव हैं। उन्होंने परिषद से आह्वान किया कि वह महाविद्यालय के साथ मिलकर विद्यार्थियों में नेतृत्व, नवाचार और उद्यमशीलता की भावना को विकसित करें।

**पीजीजीसी-46 में पंकज बने अध्यक्ष :** पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कॉलेज, सेक्टर-46 में आयोजित छात्र परिषद चुनाव में बीसीए तृतीय वर्ष के छात्र पंकज को अध्यक्ष चुना गया जबकि बी.कॉम प्रथम वर्ष के रविंदर सिंह को उपाध्यक्ष, बीए तृतीय वर्ष की स्नेहा को सचिव तथा बीए तृतीय वर्ष की अंजलि को संयुक्त सचिव चुना गया। नामांकन, मतदान और मतगणना सहित पूरी चुनाव प्रक्रिया प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. बीनू डोगरा, डीन अनुराधा मित्तल, वाइस प्रिंसिपल प्रोफेसर स्नेह हरशिंदर शर्मा और चुनाव अधिकारी डॉ. राजिंदर सिंह कौरा के मार्गदर्शन और देखरेख में सुचारू रूप से संपन्न हुई।

### गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज में भूमि बनी प्रधान

सेक्टर-26 के गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज फॉर वुमन में छात्र संघ की प्रधानी बी.कॉम तृतीय वर्ष की छात्रा भूमि संभालेंगी। बुधवार को छात्र संघ के चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुए। भूमि को अध्यक्ष, बीए तृतीय वर्ष की छात्रा अकोइजम जेसिता को उपाध्यक्ष, बीसीए द्वितीय वर्ष की छात्रा दिव्या जे. मांगैन को सचिव और बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा वंशिका को संयुक्त सचिव चुना गया। नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों ने अपनी जीत का जश्न उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर प्रिंसिपल डॉ. जतिंदर कौर ने नवनिर्वाचित परिषद सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने उन्हें छात्र समुदाय की सेवा में समर्पण, ईमानदारी और जिम्मेदारी के मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

# वाहन चोर गिरोह के पांच सदस्य काबू, 18 लग्जरी गाड़ियां बरामद

मोहाली, 3 सितंबर (हप्र)

**आरोपियों से वाहनों के इंजन नंबर व चेसिस नंबर से छेड़छाड़ करने वाली एक डॉट मशीन भी बरामद**

सीआईए स्टाफ पुलिस ने एक वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पुलिस ने चोरी की 18 लग्जरी गाड़ियां बरामद की हैं। आरोपियों की पहचान 31 वर्षीय नीतिश शर्मा उर्फ निशू निवासी अजीत रोड बठिंडा, 23 वर्षीय रणवीर सिंह उर्फ जोजी निवासी दशमेश नगर रामपुरा फूल जिला बठिंडा, 24 वर्षीय रमजोत सिंह उर्फ जोत निवासी गांव महिराज जिला बठिंडा, 32 वर्षीय सराज अनवन संधू उर्फ राजू निवासी गांव बिजोकी खुर्द जिला मलेरकोटला व 49 वर्षीय शिव चरन दास उर्फ धालीवाल निवासी धर्मकोट जिला मोगा के रूप में हुई है। आरोपियों के खिलाफ थाना सिटी खरड़ में मामला दर्ज किया गया है। पांचों आरोपी पुलिस रिमांड पर थे, जिन्हें रिमांड खत्म होने के उपरांत जिला अदालत में पेश किया गया। अदालत ने सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

एसएसपी ने बताया कि 18 अगस्त को सीआईए स्टाफ की एक टीम खरड़ से लांडरां रोड पर मौजूद थी, जहां सीआईए स्टाफ के एएसआई अमृतपाल सिंह को सूचना मिली कि नीतिश शर्मा उर्फ निशु, रणवीर सिंह उर्फ जोजी, रमनजोत सिंह उर्फ जोत अपने अन्य साथियों सारज अनवर संधू उर्फ राजू और शिव चरण दास उर्फ शिव धालीवाल के साथ मिलकर पंजाब व अन्य राज्यों में वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं। सूचना मिली कि यह गिरोह चोरी की गई गाड़ियों के इंजन नंबर व चेसिस नंबर के साथ छेड़छाड़ करके उन्हें जाली दस्तावेजों के आधार पर अंजान लोगों को बेच देते हैं। जिनके खिलाफ पहले भी वाहन चोरी के मामले दर्ज हैं। आरोपियों से सीआईए पुलिस ने चोरी की 1 फॉर्च्यूनर कार, 1 स्कॉर्पियो, 2 महिंद्रा थार, 1 महिंद्रा एक्सयूवी 500, 4 क्रेटा, 1 बोलेरो, 2 स्विफ्ट, 3 गैलेंजा, 1 वरना, 1 अर्टिगा और 1 होंडा सिटी कुल 18 कारें बरामद की हैं। आरोपियों से वाहनों के इंजन नंबर व चेसिस नंबर से छेड़छाड़ करने वाली एक डॉट मशीन भी बरामद की गई है।

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नीतिश शर्मा 8वीं पास है और रणवीर सिंह 12वीं पास है। दोनों आरोपियों को उनके तीसरे साथी रमनजोत के साथ 18 अगस्त को एयरपोर्ट रोड मोहाली से गिरफ्तार किया गया था। आरोपी सराज अनवर संधू 12वीं पास है। उसके खिलाफ पहले भी थाना सदर गुड़गांव में चोरी की कारों को आगे बेचने का मामला दर्ज है। आरोपी को 21 अगस्त को जीरकपुर के कोहिनूर ढाबे से गिरफ्तार किया गया है।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्लाट/मकान नं. 344, सैक्टर-13 एक्सटेंशन, अर्बन एस्टेट, करनाल जोकि श्री राम नारायण पुत्र स्वर्गीय श्री लधा राम व श्री सुशील कुमार चावला पुत्र स्वर्गीय श्री राम नारायण के नाम नियत था। जिसका रि-अलाटमेंट का मीमो नं Z0004/ E0016/UE026/ REALL/ 0000000388 दिनांक 29. 07.2019 है। श्री राम नारायण का निधन दिनांक 12.07.2022 को हो चुका है। श्री राम नारायण ने श्री सुशील कुमार चावला के नाम पंजीकृत वसीयत करवाई हुई है जोकि सब रजिस्ट्रार, करनाल के कार्यालय में नम्बर 100 दिनांक 28.04.2021 को दर्ज है। अब श्री सुशील कुमार चावला पुत्र स्वर्गीय श्री राम नारायण निवासी मकान नं. 344, सैक्टर-13 एक्सटेंशन, अर्बन एस्टेट, करनाल ने वसीयत के आधार पर उक्त प्लाट/मकान की मलकीयत का हिस्सा अपने नाम करवाने के लिए आवेदन किया है। अगर किसी व्यक्ति को उक्त प्लाट/मकान की मलकियत का हिस्सा तबदील करने बारे किसी प्रकार की कोई आपत्ति है तो वह लिखित रूप में दस्तावेज के साथ सम्पदा अधिकारी, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, करनाल के कार्यालय में 30 दिन के अन्दर-अन्दर जमा करवा दे अन्यथा सम्पदा अधिकारी, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण नीति अनुसार उक्त प्लाट/मकान की ट्रांसफर/रि-अलाटमेंट कर दी जायेगी और इसके बाद किसी प्रकार की कोई शिकायत व विवाद मान्य नहीं होगा।

आवेदक सम्पदा अधिकारी की ओर से

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्लाट/मकान नम्बर 1491-पी, सैक्टर-13, अर्बन एस्टेट, करनाल जोकि श्रीमती शांति देवी पत्नी स्वर्गीय श्री कृष्ण लाल व श्री गौरव रहेजा पुत्र स्वर्गीय श्री कृष्ण लाल के नाम से नियत है। जिसका रि-अलाटमैंट मीमो नं. Z0004/E0016/UE026/ REALL/ 0000000397 दिनांक 29.10.2020 है। श्रीमती शांति देवी की मृत्यु दिनांक 15.01.2024 को हो गई है। उनके पति श्री कृष्ण लाल की मृत्यु दिनांक 04.09.2016 को हो गई है। अब उनके निधन उपरान्त उनके कानूनी वारिस 1. श्री गौरव रहेजा (पुत्र), 2. श्रीमती मीनू (पुत्री) व 3. पूजा गाँधी (पुत्री) ने HSVPकार्यालय करनाल में आवेदन किया है कि उक्त प्लाट/मकान स्वर्गीय श्रीमती शांति देवी की मलकीयत का हिस्सा श्री गौरव रहेजा पुत्र स्वर्गीय श्री कृष्ण लाल निवासी मकान नं. 916 जी.एफ., सैक्टर-40, झारसा, गुरुग्राम के नाम किया जाये। अत: इस सूचना के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि उक्त वारिसों के अतिरिक्त किसी अन्य को कोई एतराज है तो इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर-अन्दर HSVP कार्यालय, करनाल में पेश होकर दस्तावेज़ सहित आपत्ति दर्ज करवाएं। अन्यथा प्लाट/मकान की मलकीयत का हिस्सा श्री गौरव रहेजा पुत्र स्वर्गीय श्री कृष्ण लाल के नाम हस्तांतरित कर दिया जायेगा। जिसके बाद अन्य कानूनी वारिसों के उक्त प्लाट/मकान की मलकीयत पर कोई दावेदारी नहीं होगी।

कानूनी वारिस सम्पदा अधिकारी की ओर से

**दी पानीपत अर्बन को-ओ. बैंक लि.**
(मल्टी स्टेट बैंक)
H.O. ॐ सिटी सेंटर, 932-935, जी.टी. रोड, पानीपत, फोन 0180-2693918

**सूचना**

बैंक के सभी शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि बैंक की 44वीं वार्षिक आम सभा दिनांक 21.09.2025 (रविवार) दोपहर 12:30 बजे बैंक के मुख्यालय **"ॐ सिटी सैन्टर" 932-935, जी.टी.रोड़, पानीपत** मे होगी। शेयरधारक विस्तृत एजेण्डा नोट व वार्षिक रिपोर्ट, बैंक की वेबसाइट **"www.pucb.in में "AGM Reports" link (www.pucb.in/agm-reports/index.html)** से प्राप्त कर सकते हैं।

विकास शर्मा
(प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी)
दिनांक :04.09.2025

## खबर है...

### पीयू की पीएचडी प्रवेश परीक्षा अब 21 को

**चंडीगढ़ (ट्रिन्यू) :** पंजाब और हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश और बाढ़ की स्थिति के कारण पंजाब विश्वविद्यालय द्वारा 7 सितंबर को ली जाने वाली पीयू-पीएचडी प्रवेश परीक्षा -2025 को स्थगित कर दिया गया है। पीयू प्रवक्ता ने बताया कि अब यह 21 सितंबर को आयोजित की जाएगी। इसी के साथ पीयू ने 4, 5 और 6 सितंबर को निर्धारित सभी परीक्षाएं भी स्थगित कर दी हैं। अब वे क्रमशः 1, 4 और 6 अक्तूबर को आयोजित की जाएंगी।

### मनीषा मिसेज इंडिया सुप्रीमेसी पेजेंट की विजेता



पिंजौर की मनीषा शर्मा आयोजकों से मिसेज इंडिया सुप्रीमेसी पेजेंट 2025 का खिताब लेते हुए। -निस

**पिंजौर (निस) :** पिंजौर की बहू मनीषा शर्मा मिसेज इंडिया सुप्रीमेसी पेजेंट 2025 की विजेता बनी है। मिसेज सुप्रीम इंडिया बनने पर परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। मनीषा शर्मा के पति डॉ. अरविंद शर्मा और उनकी बेटी ने एक अलग ही उत्साह दिखाया। उन्होंने अपनों को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का जश्न मनाया। गत दिवस चंडीगढ़ के होटल हयात रीजेंसी में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें ' मिसेज सुप्रीम इंडिया पेजेंट' का ग्रैंड फिनाले हुआ था। यह प्रतियोगिता सुप्रीमसीक्रैप्स द्वारा आशिमा शर्मा के नेतृत्व में आयोजित की गई थी जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से 35 वर्ष की आयु के युवाओं की प्रतिभा, कौशल और विशिष्टता का जश्न मनाया गया। इस शो की मेज़बानी सुप्रीत कौर साउथ वेस्ट एशिया यूनिवर्स ने की।

### भक्तिभाव के साथ मनाया गणेश उत्सव

**पंचकूला (हप्र) :** सेक्टर-11 पंचकूला में गणेश उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर गणपति बप्पा के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अजय मित्तल, जिला महामंत्री जय कौशिक, जिला उप प्रधान टोनी गुप्ता, पार्षद ओमवती पूनिया, पार्षद सुनीत सिंगला, राकेश गोयल, कृष्ण जोशी, मुकेश सिंगला, नीरज चौधरी, चीनू गोयल, अमित गुप्ता, लक्की भारद्वाज, मंडल उपाध्यक्ष सुखबीर पूनिया सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस मौके पर मनीष आशिता अरोड़ा के साथ महिला मंडली व श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन और नृत्य के माध्यम से भगवान गणेश का गुणगान किया तथा सभी ने गणपति बप्पा से सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन का आशीर्वाद लिया।

# श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शिक्षक पुरस्कृत

मनीमाजरा (चंडीगढ़), 3 सितंबर (हप्र)

बुधवार को चंडीगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने टैगोर थिएटर में अपना पहला सम्मेलन बुलाया और मुख्य अतिथि सांसद सतनाम सिंह संधू के समक्ष 12 सूत्री मांगें उठाईं। मांगों में 7वें वेतन आयोग और समग्र शिक्षा शिक्षकों को बकाया, यूटी कैडर को चिकित्सा अवकाश, स्कूल काउंसलरों को 12 महीने का वेतन, कंप्यूटर प्रशिक्षकों को बकाया, प्रतिनियुक्ति पर कोई कार्यकाल नहीं, शिक्षक सदन का निर्माण, 2015 बैच के शिक्षकों को वित्तीय लाभ, प्रधानाचार्यों के लिए डीपीसी, अनुबंध शिक्षकों के लिए सुरक्षित नीति और शिक्षकों के लिए सीजीएचएस योजना शामिल थी। सतनाम सिंह संधू ने 19 सरकारी स्कूल अध्यापकों को उनके बेजोड़ प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया तथा 40 अध्यापकों द्वारा लिखित शिक्षाकों की काव्यधारा नामक काव्य पुस्तक का लोकार्पण किया। संसद संधू ने समग्र शिक्षा के शिक्षकों को सातवें पे कमीशन और एरियर, स्कूल काउंसलर को बारह महीने की सैलरी और शिक्षक सदन बनाने जैसे मांगों को जल्दी पूरा होने का आश्वासन दिया व बाकी मांगों पर जोर देने का वाद किया।



बुधवार को टैगोर थिएटर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद सतनाम सिंह संधू अध्यापकों को सम्मानित करते हुए। -हप्र

# पंचकूला की गौशालाओं को मिले एक करोड़ रुपये

पंचकूला, 3 सितंबर (हप्र)

भाजपा जिला मुख्यालय पंचकमल में पंचकूला जिले के पंजीकृत गौशालाओं को सरकारी सहायता के तहत अनुदान राशि का वितरण चेक के माध्यम से किया गया। कालका विधायक शक्ति रानी शर्मा ने कालका विधानसभा के 6 और पंचकूला विधानसभा के 8 गौशालाओ को हरियाणा सरकार की ओर सरकारी सहायता के तौर पर एक करोड़ पंद्रह लाख पैंतालीस हज़ार पांच सौ पचास रुपये के चेक वितरित किये। प्रदेश संगठन मंत्री फणींद्र नाथ शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया, पंचकूला जिला अध्यक्ष अजय मित्तल और उनकी जिला टीम के पदाधिकारी एवं समाजसेवी भी उपस्थित रहे।

इस मौके पर शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार द्वारा गौसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रदेश की लगभग 683 गौशालाओं को अब तक तीन सौ अठावन करोड़ से अधिक की सहायता राशि दी जा चुकी है। फणींद्र नाथ शर्मा ने बताया कि हरियाणा सरकार गौशाला को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सोलर प्लांट, सस्ती बिजली, आधुनिक शेड निर्माण और स्वास्थ्य सेवाओं जैसी तमाम सुविधाएं लगातार उपलब्ध करा रही है। अजय मित्तल ने कहा की गौसेवा हमारी भारतीय संस्कृति और परंपरा का अहम हिस्सा है।



भाजपा जिला मुख्यालय पंचकमल में बुधवार को गौशालाओं को सरकारी सहायता के तहत अनुदान राशि का वितरण करतीं कालका विधायक शक्ति रानी शर्मा। -हप्र

**ज़ेनलैब्ज़ एथिका लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय : प्लाट संख्या 194-195, तृतीय तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज़-II, राम दरबार, चंडीगढ़-160002
फोन : 0172-4651105
ईमेल : queries@zenlabsethica.com
सीआईएन : L74900CH1993PLC033112
वेबसाइट : www.zenlabsethica.com

**शेयर धारकों को सूचना**

सेबी ने 1 अप्रैल, 2019 की समय सीमा से पहले जमा किए गए और दस्तावेजों में कमी के कारण अस्वीकृत/वापस किए गए भौतिक शेयरों के हस्तांतरण अनुरोधों को पुनः जमा करने की सुविधा के लिए एक विशेष विंडो खोलने की अनुमति दी है (सेबी परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/एमआईआरएसडी/एमआईआरएसडी-पीओडी/पी/सीआईआर/ 2025/97 दिनांक 2 जुलाई, 2025

| मुख्य विवरण :- | | |
|---|---|---|
| पुनः जमा के लिए विंडो | 7 जुलाई, 2025 से 6 जनवरी, 2026 तक | |
| स्थानांतरण अनुरोध पुनः कौन दर्ज करा सकता है? | निवेशक जिनके हस्तांतरण विलेख अप्रैल 2019 से पहले दर्ज किए गए थे और दस्तावेजों में कमी के कारण अस्वीकार/वापस कर दिए गए थे। | |
| स्थानांतरण अनुरोध पुनः कैसे दर्ज करें? | मूल हस्तांतरण दस्तावेज, सही या छूटे हुए विवरण के साथ रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट, बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को प्रस्तुत करें। | |
| | डाक का पता | कार्यालय संख्या एस 6-2, 6वीं मंजिल, पिनैकल बिजनेस पार्क, अहुरा सेंटर के साथ में, महाकाली केब्स रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई, महाराष्ट्र-400093 |
| | हेल्पलाइन नंबर | +91 8069219060, 61, 65 |
| | किसी भी प्रश्न के लिए | निम्न पर सेवा अनुरोध करें https://www.bigshareonline.com पर bigshareonline.com/services.aspx ईमेल भेजें : investor@bigshareonline.com |

हस्तांतरण के लिए पुनः जमा किए गए शेयर केवल डीमैट मोड में जारी किए जाएंगे।

कृते जेनलैब्स एथिका लिमिटेड
हस्ता./-
मंजू बाला
कंपनी सचिव

स्थान : चंडीगढ़
दिनांक : 03.09.2025
DI-14060